

## एक नजर में

### सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत सुराखेडी के सरपंच को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया

**मंदसौर।** सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने ग्राम पंचायत सुराखेडी के सरपंच कारूलाल पिता शंकरलाल को लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता की वजह से कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया है। ग्राम पंचायत सुराखेडी के सरपंच कारूलाल द्वारा निस्तार तालाब निर्माण सुराखेडी एवं पाउड पोड निर्माण विशन्या रोड के पास कार्य पर बिना मूल्यांकन के आधार पर व्यय राशि आहरित की गई जो कि नियम विरूद्ध होकर कार्य पर किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में होना पाया गया। ग्राम पंचायत में ग्राम सभाओं की बैठक भी आयोजित नहीं की गई। मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम अंतर्गत काम-काज के संचालन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया धारा 44 के प्रावधान का पालन नहीं किया गया है तथा नियमित रूप से ग्राम सभा नहीं की गई। ग्राम पंचायत में उपयोग की जा रही रसीद बुक बिना प्रमाणीकरण के एवं बिना रसीद पंजी में दर्ज किये उपयोग की जा रही थी, रसीद पुस्तक संग्रह पंजी का संधारण नहीं किया गया। अन्य अभिलेख ग्राम पंचायत की अनुदान पंजी, निर्माण पंजी एवं निर्माण कार्य की नस्तीयों का संधारण नहीं किया गया। इनके द्वारा अपने सरपंच पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही तथा शासकीय धन राशि का अनियमित व्यय किया जाकर वित्तीय अनियमितता की गई। इस संबंध में सरपंच अपना बचाव पक्ष 18 जुलाई तक प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

### क्रांतिकारी गो यात्रा के कार्यालय का शुभारंभ

**इंदौर.** गोपालेश्वर गो सेवा समिति के तत्वावधान में इसी माह निकलने वाली अ.भा. क्रांतिकारी गो यात्रा के प्रभारी स्वामी गोशरणानंद सरस्वती ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रकला- किशनलाल गुप्ता के परिजनों से सौजन्य भेंट की और अन्नपूर्णा क्षेत्र, विश्वकर्मा नगर में यात्रा के कार्यालय का शुभारंभ किया. इस अवसर पर गुप्ता परिवार की ओर से विपिन गुप्ता ने उन्हें गो सेवा के लिए श्रद्धा निधि भेंट की. उनके साथ संत प्रकाश बाबा, रुद्र गोपाल ब्रह्मचारी भी मौजूद थे. सेवा निवृत पंजीयक कैलाशचंद्र गुप्ता, पुष्पा माहेश्वरी ने भी संतों का स्वागत किया.

### त्वचा को दें कैलिफोर्निया आमंड्स का पोषण

**इंदौर.** वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 की थीम इस बार है, त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं, जो इस बात पर ज़ोर देती है कि स्किन केयर सिर्फ क्रीम और लोशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत हमारे खान-पान से होती है. कैलिफोर्निया आमंड्स, जो विटामिन ई और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं, त्वचा को अंदर से पोषण देकर इसे स्वस्थ और दमकता बनाए रखने में मदद करते हैं. वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे के मौके पर त्वचा की देखभाल के बारे में बात करते हुए स्किन एक्सपर्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता ने कहा मेरी सबसे ज़रूरी सलाहों में से एक है रोज़ाना बादाम को डाइट में शामिल करना, चाहे स्नैक के रूप में या भोजन में मिलाकर. बादाम विटामिन ई, प्रोटीन, जिंक और कॉपर जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो त्वचा को भीतर से पोषण देते हैं और यूवीबी किरणों से भी बचा सकते हैं. ऐसे छोटे-छोटे लेकिन नियमित बदलाव लंबे समय तक हेल्दी और ग्लोइंग स्किन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं.

### टैफे और एजीसीओ के मध्य विस्तृत समझौता

**इंदौर.** ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण निर्माता कंपनी टैफे ने घोषणा की है कि टैफे,एजीसीओके साथ, ब्रांड, वाणिज्यिक मुद्दों और शेयरधारिता से संबंधित सभी मामलों पर एक विस्तृतसमझौता और समाधान पर पहुंचा है. ये समझौते, टैफे में एजीसीओ द्वारा धारित शेयरों के वापस-खरीद के संबंध में एजीसीओ एवं टैफे द्वाराभारत के कुछ सरकारी और अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किए जानेके उपरांत प्रभावी हो जाएंगे. टैफेकी चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा टैफे की विकास गाथा के एक नए युग में प्रवेश करने के साथ हम एजीसीओ सहित अपनी दीर्घकालिक साझेदारी का सम्मान करते हुए इसे संजोकर रखेंगे, तथा एक प्रतिबद्ध शेयरधारक के रूप में एजीसीओ का समर्थन करना जारी रखेंगे.



## हरियाली महोत्सव के तहत मंदसौर पुलिस द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मंदसौर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार हरियाली महोत्सव के तहत मंदसौर पुलिस द्वारा पुलिस कॉलोनी स्टेशन रोड स्थित आवासीय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी, रक्षित निरीक्षक दिनेश बैन, यातायात प्रभारी मनोज सोलंकी, सुबेदार सतेन्द्र सिंह, सुमित्रा सोलंकी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने इस आयोजन में सहभागिता की।

हरियाली महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के दौरान जिलेभर के पुलिस कार्यालयों, थानों व चौकियों में कुल 1000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 200 पौधों का रोपण हो चुका है। पौधों में आम, नीम, बरगद, आंवला, गुलमोहर, पीपल, सागौन व शीशम जैसे औषधीय व बहुउपयोगी वृक्ष शामिल हैं।

## सुवासरा क्षेत्र के किसानों एवं रहवासियों से तहसीलदार ने की अपील

**सुवासरा।** मंदसौर जिले के सुवासरा क्षेत्र के किसानों से तहसीलदार मोहित सिनम ने अपील करते हुए कहा कि बरसात के मौसम मे विद्युत के पोल को न छुएं साथ ही बिजली के तारों के साथ छेड़खानी न करे एवं अत्यधिक बरसात में किसी भी पानी की रपट पार न करें व वृक्ष के नीचे ना जाए व कच्चे जर्जर मकान के अंदर ना रहे। स्वयं खुद सुरक्षित रहे व छोटे बच्चों को भी समझाइश दें। साथ ही क्षेत्र की जनता आगमी त्योहारों को आपसी हर्सोंउल्लास से मनाये त्योहारों में मद्देनज़र स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।

## टोल कंपनी एवं नगर पंचायत की लापरवाही से नागरिक परेशान

**सीतामऊ।** सीतामऊ मंदसौर रोड पर लदुना चौराहा पर हल्की सी बरसात होते ही रोड के दोनो ओर पानी का भराव हो जाता है, जिससे आमजन एवं वाहन चालक को काफी परेशानी उठाना पड़ रही है। टोल कंपनी की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है कई बार शिकायत होने के बावजूद भी आज दिन तक इस समस्या का स्थाई निदान नही हुआ है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि बरसात के दिनों में हमे आ रही परेशानी का स्थाई हल आज तक नही हो पा रहा। टोल कम्पनी वाले खाना पूर्ति कर इतिश्री कर लेते है। वही नगर पंचायत भी इस समस्या के लिये कोई ठोस कदम नही उठाया जिससे आसपास के दुकानदारों एवं रहवासियों में रोष है।

### म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य आज जिले की संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा 2 जुलाई 2025 को भोपाल से प्रातः 10:00 बजे मंदसौर के लिये प्रस्थान करेंगे। रात्रि 8:00 बजे मंदसौर आगमन कर रात्रि विश्राम करेंगे।

## शासकीय महाविद्यालय सीतामऊ में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

▸ तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को दी गई प्रेरणा

**सीतामऊ। उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय सीतामऊ में तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह की शुरुआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.के. भट्ट द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।**

कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अंकित पटवा उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। विद्यार्थियों को सदैव ज्ञान अर्जन के लिए तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि यही जीवन को दिशा देता है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. भट्ट ने नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के परिवेश से परिचित कराते हुए संस्थान की विशिष्ट प्रकृति, संस्कृति एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के प्रमुख अधिकारियों व प्रशासनिक कर्मचारियों से विद्यार्थियों का परिचय भी कराया, जिससे वे सहजता के साथ शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ कर सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

## शासकीय भवनों/ संपत्तियों पर नारे लिखना व बैनर लगाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग ने आदेश जारी करते हुए सभी को निर्देशित किया कि पंचायत उप निर्वाचन 2025 के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय व अशासकीय भवनों/ संपत्तियों पर नारे लिखे जाते हैं।** बैनर लगाए जाते हैं, पोस्टर चिपकाए जाते हैं। विद्युत एवं टेलीफोन के पोल पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां, बैनर लगाए जाते हैं। जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में शासन द्वारा मध्य प्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

यदि किसी राजनैतिक दल या चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी सम्पत्ति को बिना उसके स्वामी के लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है तो निजी सम्पत्ति के स्वामी द्वारा संबंधित थानों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता निजी सम्पत्ति को विरूपित होने से बचाने की कार्यवाही करेगा एवं थाना प्रभारी संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर विधिवत जांच कर सक्षम न्यायालय में चालान प्रस्तुत करेंगे।

> शासकीय कार्यालय एवं शासकीय भवन की दीवारों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है। विद्युत एवं टेलीफोन के पोल पर झंडियां लगाई जाती हैं अथवा ऐसे पोस्टर एवं बैनर लगाकर शासकीय संपत्ति को विकृत किया जाता है तो ऐसे पोस्टर एवं बैनर हटाने के लिए जिले के प्रत्येक थाने में (संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के क्षेत्र जहां चुनाव होना है) लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करेगा।

**एक नजर** — शिव पार्थिव पूजन एवं गुरू पूर्णिमा महोत्सव का भव्य अयोजन होगा

## चैतन्य आश्रम लोक न्यास मेनपुरिया में 3 से 9 जुलाई तक श्री शिव महापुराण कथा

**नवभारत न्यूज**

**मन्दसौर। भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के प्रतिष्ठाता प.पू. ब्रह्मलीन स्वामी प्रत्यक्षानन्दजी महाराज तथा उनके प.पू. गुरूदेव चैतन्यदेवजी महाराज सहित कई अनेक सिद्ध सन्तों की पावन तपोस्थली चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शिव महापुराण कथा, शिव पार्थिव पूजन एवं गुरू पूर्णिमा महोत्सव भव्य समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है।** जिसके अंतर्गत 3 जुलाई 2025, गुरुवार से प.पू. स्वामी धीरेशानन्द महाराज एवं प.पू. महंत स्वामी मणि महेश चैतन्य महाराज के सानिध्य में, प.पू. स्वामी कार्णी ऋषि चैतन्य शास्त्री, रमण रेती धाम वृंदावन के मुखारविन्द से भव्य श्री महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, गुरू पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर प. पू. स्वामी श्री शिव चौतन्य महाराज, प. पू. मोहनानन्द जी महाराज, प. पू. कृष्णानन्द जी महाराज, प. पू. उज्जैनमुनि महाराज सहित कई पूज्य सन्तों एवं विद्वज्जनों का सानिध्य व उनकी अमृतवाणी श्रवण का सुअवसर प्राप्त होगा।

उक्त जानकारी देते हुए श्री चैतन्य आश्रम लोक न्यास मेनपुरिया के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम बटवाल, सचिव रूपनारायण जोशी, कोषाध्यक्ष महेश गर्ग ने बताया कि श्री चैतन्य आश्रम, मेनपुरिया (मन्दसौर) 3 जुलाई, गुरूवार से 9 जुलाई 2025, बुधवार तक प्रतिदिन मध्यान्ह 11 बजे से 2 बजे श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा तथा प्रतिदिन दोप. 2 से 5 बजे तक शिव पार्थिव पूजन होगा।

> न्यासीगण कारूलाल सोनी, जगदीश चन्द्र सेठिया, माताप्रसाद शर्मा, ब्रजेश जोशी, बंशीलाल टांक, राधेश्याम गर्ग, नवनीत गर्ग, भैरूलाल कुमावत, अजय सिखवाल, गोविन्दसिंह राणावत, प्रद्युम्न शर्मा, मांगीलाल धाकड़, रामचन्द्र कुमावत, उदयलाल कुमावत, रणछोड़लाल कुमावत, नारायण कुमावत, रमेशचन्द्र शर्मा, उत्सव कार्यकारिणी सदस्य अरूण पाटीदार, मनोज जमुनिया, आनन्द मकवाना, ब्रजमोहन (वीरू) कसदुनिया, परमानन्द (मनु) कसदुनिया, डॉ. शुभम बड़गुजर, प्रकाश पांचाल, गोपाल माली, भरत माली, लक्षीत परमार ने अनुरोध किया है कि सभी धर्मालुजन व भक्तगण सभी कार्यक्रमों में पधारकर धर्मलाभ प्राप्त करे।

# नीमच

## एक नजर में

### सांप के काटने से युवक की मौत

**नीमच।** जिले के कुकड़ेश्वर थाना अंतर्गत गांव सुवासरा खुर्द में बीती मध्यरात्रि में सांप के काट खाने से एक बीस वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद पिता नंदलाल भील रात में अपने घर पर सो रहा था। रात 1.30 बजे करीब उसे घर में ही हाथ में सांप ने काट लिया। अल सुबह परिजन मनासा अस्पताल ले गए। वहां से विनोद को सुबह 9 बजे नीमच जिला चिकित्सालय उपचार के लिए लाया गया। यहां इलाज के दौरान विनोद की दस बजकर बीस मिनट पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। नीमच के जिला चिकित्सालय पर विनोद के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### विगत एक वर्ष में 21 कॉम्बिंग गश्त आयोजित कर लंबे समय से फरार चल रहे 1873 स्थाई/गिरफ्तारी वारण्ट तामील

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशानुसार, नवल सिंह सिसोदिया अति. पुलिस अधीक्षक नीमच के मार्गदर्शन में विगत एक वर्ष में 21 कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी ,चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा जिले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी, महिला संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों की चैकिंग, निगरानी/गुण्डा बदमाशों की चैकिंग] होटल/लॉज/ढाबा चैकिंग, लघु अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही] गंभीर अपराधो में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी] मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध कार्यवाही जिला बदर चल रहे आरोपियों की चैकिंग की गई।

कुल 1873 स्थाई/गिरफ्तारी वारण्ट तामील कराए गये जिनमें से 708 स्थाई वारण्ट तथा 1165 गिरफ्तारी वारण्ट शामिल है। उक्त वारण्टी काफी समय से फरार चल रहे थे। काम्बिंग गश्त के दौरान सम्पूर्ण जिले में 1237 होटल/लॉज/ढाबा चैक किये गये, जिससे कि, अनैतिक गतिविधि सम्पादित न हो। आदतन अपराधियों जिसमें निगरानी बदमाश व गुण्डा शामिल है ऐसे 1825 बदमाशों की चैक किये जाकर उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। महिला संबंधी अपराधों के आदतन आरोपी जो लगातार महिला संबंधी अपराधों में लिप्त थे ऐसे 169 आरोपियों की चैकिंग की गई। मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध कुल 11 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। जुआ एवं सट्टा अधिनियम के अंतर्गत कुल 97 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। अवैध शराब का विक्रय एवं परिवहन करने वालो के विरूद्ध 163 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। विवेचना में लंबित गंभीर अपराधों के 66 आरोपियों की कॉम्बिंग गश्त के दौरान गिरफ्तारी की गई। जिला बदर चल रहे 160 आरोपियों को चैक किया गया, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा व्यक्त किया गया कि, जिले में आसामाजिक/आपराधिक तत्वों के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जनजातीय विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**नीमच।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार कक्षा 9 वी से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय सीमा रूपये 2.50 लाख से कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों द्वारा एक बार वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त कर लिए जाने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभप्राप्त हो सकेगा, जिसके लिये पृथक से पुनः वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता होगी। यह जानकारी जिला संयोजक राकेश कुमार राठौर ने दी।




## लायंस क्लब मनासा द्वारा डॉक्टर्स डे पर स्थानीय डॉक्टरों का किया सम्मान

**मनासा। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब मनासा द्वारा सोमवार को होटल संजीवनी में डॉक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मनासा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर महेश मजेजी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब मनासा के अध्यक्ष श्री विष्णु जी सोनी द्वारा की गई, लायंस क्लब मनासा के सचिव नेमीचंद पाटीदार एवं कोषाध्यक्ष प्रशांत शर्मा भी मंचासीन उपस्थित रहे।**

सम्मान समारोह में 12 चिकित्सकों का सम्मान किया गया, डॉक्टर्स सम्मान लायंस क्लब के सभी सदस्यों द्वारा बारी बारी से किया गया, जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर महेश मजेजी, डॉ आरके जोशी, डॉ सुरेश मजेजी, डॉ बी एल भायल, डॉ स्वप्निल वधवा, डॉ शैलेन्द्र पाटीदार, डॉ फुलेरा, डॉ संजय जाट एवं डॉ अर्जुन श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथि श्री महेश मजेजी द्वारा नेत्रदान में कॉरनिया लेने, मनासा में दृष्ट की सुविधा आदि के बारे में ध्यान आकर्षित किया। स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष लायन विष्णु जी सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह क्रो डॉ आर के जोशी, डॉ संजय जाट, डॉ स्वप्निल वधवा, डॉ शैलेन्द्र पाटीदार द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

> समारोह में लायंस क्लब मनासा के लॉ प्रधुम्नजी मारु, अशोकजी मालपानी, रमेश जी मुंदडा, दिनेशजी झंवर, महेशजी राठी, प्रकाशजी झंवर,यशवंतजी सोनी, एम के डे, मंगेशजी संघई,अनुपजी व्यास, श्यामजी सोनी, ललितजी मुंदडा, गिरीशजी भट्ट, के सी कमरिया, गगनजी चौधरी, अंकितजी सारड़ा, नितिन जी जैन, अरुण जी बसेर, दीपक जी बसेर, अजय जी शर्मा, डॉ बी एल भायल उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन क्लब सचिव लायन नेमीचंद पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया।

## समग्र ई-केवाईसी अनिवार्य, नगर पालिका नीमच द्वारा अभियान जारी

**नीमच। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका नीमच द्वारा नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से दिलाने हेतु समग्र ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। आगामी समय में यदि किसी नागरिक की समग्र आईडी आधार से लिंक नहीं होती है, तो वह नगर पालिका से जुड़ी किसी भी सेवा या योजना का लाभ नहीं ले पाएगा।**

इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी शहरी विकास चंद्र सिंह धारवे ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों, वार्डों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर समग्र ईकेवाईसी की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय योजनाओं—जैसे पेंशन वितरण, वेतन भुगतान, बच्चों के स्कूलों में प्रवेश, विवाह एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि लाभ आदि—के लिए अब समग्र आईडी से आधार लिंक होना जरूरी हो गया है। ई-केवाईसी को लेकर नगर पालिका नीमच एवं जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी घर-घर जाकर समग्र ईकेवाईसी कराने हेतु लगाई गई है।

## ग्राम मड़ावदा में तहसीलदार ने किया शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मौका मुआयना

▸ शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने का आदेश

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जनसुनवाई में प्राप्त एक आवेदन पर राजस्व विभाग की टीम मंगलवार को पहुंची ग्राम मड़ावदा। तहसीलदार जावद के नेतृत्व में शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण का राजस्व विभाग की टीम ने किया मौका मुआयना।** जावद एसडीएम सुश्री प्रीती संघवी ने बताया, कि कलेक्टर नीमच के समक्ष एक जुलाई 2025 को जनसुनवाई में ग्राम मड़ावदा स्थित भूमि के संबंध में आवेदक, शिकायतकर्ता राहुल पिता मुकनलाल बलाई, निवासी मड़ावदा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया, कि आवेदक को ग्राम मडावदा कि भूमि से हटाया जा रहा है। आवेदक ने निवेदन किया, कि आवेदक को उक्त भूमि से नहीं हटाया जाए एवं ग्राम मडावदा के सरपंच लालाराम रावत पिता बगदीराम रावत द्वारा शासकीय सर्वे कं. 362/2 भूमि पर एवं सर्वे कं. 414/4 भूमि पर खेती कार्य एवं मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है, जिसे अतिक्रमण से मुक्त कराने का आगृह किया। एसडीएम सुश्री संघवी ने बताया, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार इस संबंध में पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम मड़ावदा स्थित शासकिय भूमि सर्वे कं. 454/3 रकबा 1.852 हे. भूमि में से रकबा 0.180 हे. भूमि पर अतिक्रमणकर्ता राहुल, रूपेश पिता मुकनलाल, नानीबाई पति प्रकाशचन्द्र, प्रेमचंद पिता प्रकाशचन्द्र जाति बलाई, निवासी मड़ावदा द्वारा भूमि हांक जोतकर, फसल बोकर व तार फेंसीग कर अतिक्रमण कर रखा है संबंध में रिपोर्ट पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई है। जिसके आधार पर न्यायालय नायब तहसीलदार जावद के न्यायालय में प्रकरण कमांक 0006/अ-68/2025-26 दर्ज कर 24 जून 2025 को बेदखली आदेश पारित किया।

**एक नजर** — स्वागत उदबोधन अस्पताल के सीईओ दुष्यंत शुक्ल ने दिया

## ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मना डॉक्टर्स डे

**नीमच। मालवा मेवाड़ का सुप्रसिद्ध ज्ञानोदय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया स्वागत उद्बोधन अस्पताल के सीईओ दुष्यंत शुक्ला ने प्रदान किया।**




इस अवसर पर अपने उद्बोधन में संस्था के अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने कहा की ज्ञानोदय हॉस्पिटल सेवा का दूसरा नाम है यहां पर कार्य करने वाले सभी डॉक्टर्स अपना काम शिद्दत से कर रहे हैं हमें उन पर गर्व है। संस्था की डायरेक्टर डॉ माधुरी चौरसिया ने कहा कि जब ईश्वर ने मां को इस दुनिया में भेजा था तो वह आंचल में दूध लेकर ममता की प्रतिमूर्ति बनकर आई थी वहीं दूसरी ओर ईश्वर ने डॉक्टर को अपना दूत बनाकर इस दुनिया में भेजा था ताकि वह पीड़ित मानवता की सेवा करें अतः डॉक्टर्स को समस्त सकारात्मक संवेदनाओं के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। हॉस्पिटल के डॉ अजीत प्रताप सिंह डॉ अतुल पाटीदार डॉ हर्ष पांडे डॉ सुरेंद्र प्रजापति डॉ कौशलेंद्र वेगड़ डॉ विनी कैथवास डॉ धरमपाल सिंह भाटिया डॉ हर्षित अग्रवाल डॉ योगेश अहिरवार डॉ चंदन डॉ आशीष डॉ मोहिंदर पाल डॉ प्रदीप जैन डॉ मनोज डॉ राजेंद्र डॉ सचिन डॉ शुभम डॉ शीतल डॉ शोएब डॉ कमलेश डॉ घनश्याम डॉ भरत डॉ मयूर एवं डॉ महेंद्र को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## महिलाओं और बालिकाओं के लिए भर्ती परीक्षा तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा, एवं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव के निर्देशन में पुलिस, प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना, सशक्त वाहिनी कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को पुलिस, सेना, अर्द्ध सैनिक बलों में भर्ती परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए 10 जुलाई 2025 से जिला पुलिस लाईन, कनावटी रोड़, नीमच में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।** प्रति दिन दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक विषय ज्ञान एवं सायं 4 से 6 बजे तक शारीरिक दक्षता संवर्धन (दौड, कूद एवं गोलाफेंक) की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा करवाई जावेगी।

पुलिस, सेना, अर्ध सैनिक बल भर्ती परीक्षा प्रशिक्षण में कक्षा 10वी, कक्षा 12वी उत्तीर्ण, स्नातक उत्तीर्ण, बालिकाएं एवं महिलायें सम्मिलित हो सकती है। अधीक्षक सुभाष गवई मो.न. 9977088803, सुबेदार सुरेश सिंह सिसोदिया के मो.न. 8817509039 एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री वसीम सिद्दीकी के मो.न. 6267747140 पर संपर्क किया जा सकता हैं।